कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर
फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक / 6070 / RMC / PMAY-HFA / 2023 रायपुर, दिनांक 04 / 10 / 2023

/ / दावा–आपत्ति आमंत्रण सूचना / /

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में "मोर मकान–मोर आस" योजना अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक 05 / 2023 दिनांक 26 / 07 / 2023 जारी कर परियोजना 928 के तहत् मठपुरैना में निर्मित 338 मकानो हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 28 / 08 / 2023 तक निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए हैः–

स. क्र.	परियोजना का नाम / परियोजना स्थल का नाम	विज्ञापित आवास	प्राप्त आवेदन	पात्र	अपात्र
1	928 Du's Site Mathpuraina	338	477	130	347

अतः उक्त तालिका के परियोजना की पात्र / अपात्र आवेदको की सूची दिनांक 12 / 09 / 2023 को जारी की जानी थी। किन्तु अपरिहार्य कारणो से विलंब होने के कारण प्रारभिक पात्र अपात्र सूची आज दिनांक को दावा–आपत्ति हेतु ऑनलाईन www.nagarnigamraipur.nic.in एवं नगर निगम, रायपुर मुख्यालय के सूचना पटल पर जारी की जा रही है। जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त पात्र / अपात्र की सूची में किसी भी प्रकार की दावा–आपत्ति होने पर आवश्यक साक्ष्य दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति के साथ 15 दिवस के भीतर **आज दिनांक से दिनांक 19 / 10 / 2023** तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से सायं 05:30 बजे तक उपस्थित होकर कक्ष क्रमांक 402 में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा–आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर